**Tree-plantation on Celebrating Independence Month**

**14-08-2024**

At Babu Anant Ram Janta College, Kaul, Kaithal, a successful tree-planting program was organized under the guidance of Principal Dr. Rishipal as part of the Independence Celebration Month. The event was jointly led by Dr. Pushpa, Head of the History Department, Dr. Komal Rani, Head of the Mathematics Department, and Dr. Sonia Rani. Principal Dr. Rishipal highlighted the vital role of youth in nation-building, describing them as the future leaders and architects of the country. He recalled the sacrifices of thousands of young people who gave their lives for India’s independence, emphasizing that it is now our duty to keep our free India prosperous, green, and clean.



पंजाब केसरी
MON,19 AUGUST 2024
EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 3

# कौल में आजादी पर्व माह के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

कौल, 18 अगस्त (बलवान): बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल के प्रांगण में आजादी पर्व माह के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. ऋषिपाल के कुशल निर्देशन एवं इतिहास विभागाध्यक्षा डा. पुष्पा, गणित विभागाध्यक्षा डा. कोमल रानी व डा. सोनिया रानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।



पौधारोपण करती हुई छात्राएं। (बलवान)

प्राचार्य डा. ऋषिपाल ने कहा कि युवाओं का राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। देश को स्वतंत्रता दिलाने में हमारे हजारों युवाओं ने कुर्बानियां दीं व हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटक गए। अब हमें भी अपने आजाद भारत को खुशहाल, हरा-भरा एवं स्वच्छ रखना है।

इतिहास विभाग की अध्यक्षा डा. पुष्पा ने कहा कि हमें अपने देश से प्रेम करते हुए उसे उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए हमेशा ईमानदार व कर्त्तव्यनिष्ठ होना चाहिए।

डॉ. कोमल रानी व डॉ. सोनिया रानी ने सभी छात्र-छात्राओं को देश प्रेम एवं पौधारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।